## एक नजर में

### कोहरा और बूंदाबांदी से बढ़ी ठिठुरन, सर्दी के मौसम की शुरुआत



**देवास।** शहर में मौसम ने करवट ले ली है। गुरुवार सुबह से आसमान पर बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी के साथ ठंडी हवाओं ने लोगों को सर्दी का एहसास करा दिया। सुबह के समय शहर के कई इलाकों में हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता भी प्रभावित हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, अब धीरे-धीरे तापमान में गिरावट जारी रहेगी और आने वाले दिनों में सर्दी और तेज हो सकती है। लोग अब गर्म कपड़ों का सहारा लेने लगे हैं। वहीं सुबह-सुबह चाय की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बूंदाबांदी सर्दी की दस्तक है। बदलते मौसम के साथ देवास में अब ठिठुरन भरी सुबहें लौटने लगी हैं।

### माहेश्वरी समाज का अन्नकूट महोत्सव आज

**देवास।** माहेश्वरी समाज देवास के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मूंदड़ा, अध्यक्ष मनोज बजाज ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाज का अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह आज 31 अक्टूबर को भेरूगढ़ स्थित राम मंदिर पर मनाया जाएगा। अन्नकूट महोत्सव के साथ ही सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें जिनका जन्म 15 अगस्त 1947 के पूर्व हुआ हो उनका सम्मान किया जाएगा। इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरलीधर डागा( महाजन) एवं विशेष अतिथि मुरलीधर मानधन्या होंगे। समाज की साधारण सभा सायं 6 बजे संपन्न होगी। साधारण सभा के पश्चात महाआरती संपन्न होगी। सम्मान समारोह सायं 7 बजे होगा। इस अवसर पर महिला संगठन अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी एवं सचिव अनीता मंत्री ने बताया कि भगवान को 56 भोग लगाया जाएगा तत्पश्चात समाजजनों की भोजन प्रसादी रहेगी। भोजन प्रसादी की संपूर्ण व्यवस्था युवा संगठन के नेतृत्व में की जाएगी। महिला संगठन, युवा संगठन, सखी संगठन तथा कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों ने समाज बंधुओं से निवेदन किया कि उपरोक्त कार्यक्रमों में सपरिवार पधारने की कृपा करें।

### एफएलएन मेले में अतिथियों ने दिलाई सतर्कता की शपथ



**देवास।** शासकीय स्कूलों में गुरुवार को एफएलएन मेलों का आयोजन किया गया। राजोदा स्थित एकीकृत शाला में आयोजित मेले में अतिथि रूप में उपस्थित आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक रोहित भदोरिया, श्याम व्यास तथा एक्ट ईव फाउंडेशन अध्यक्ष मोहन वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शित किये जिन्हें अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम में आईडीबीआई बैंक द्वारा सतर्कता जागरुकता सप्ताह पखवाड़े के अन्तर्गत बच्चों एवं शाला स्टाफ की उपस्थिति में सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा भी ली गई। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह ठाकुर,प्रधान अध्यापक विशाल शर्मा, एफ.एल.एन टीचर अनिता टेलर, मेघा चावरेकर भी उपस्थित थे।

### चार दिवसीय ध्यान शिविर 5 नवम्बर से

**देवास।** स्वामी योगेन्द्र भारती एवं नवीन सोलंकी ने बताया कि अस्तित्व ने हमें आनंद दिया है, दुख हमारी खोज है, अंतर में आनंद की खोज के लिए इंदौर उज्जैन रोड पर तक्षशीला स्कूल के पीछे ओशो महाकाल धाम आश्रम में 5 नवम्बर शाम 6 बजे से 7,8,9 नवम्बर दोपहर तक इस दिव्य शिविर का संचालन सद्गुरू ओशो के कर कमलों से दीक्षित स्वामी विट्ठल बॉम्बे के द्वारा किया जाएगा। स्वामी विट्ठल द्वारा 300 से अधिक शिविरों का संचालन किया गया है एवं सैकड़ों साधकों को दीक्षा दी गई है। ओशो पर बनी धारणाओं को तोडने के लिये ध्यान, प्रेम करूणा की ज्योत जाग्रत करने के लिए सतत आगे बढ़ रहे है। इस ध्यान शिविर में आपके अंतर मन में ध्यान, प्रेम, करूणा का दीपक प्रज्ज्वलित हो इस हेतु स्वामी बोधी सागर हिमांशु, मां दिव्याम कांता, मां मधुसूदन मीरा, मां प्रेम संगीत स्वाती, स्वामी हर्षद नागर, मां प्रेम अन्जु, स्वामी बोधि अशोक, स्वामी बोधि निजेन ने सहभागिता के लिए आग्रह किया है।



### ब्राह्मण समाज ने माना निगम परिषद का आभार

**देवास।** गौतम मार्ग पर बीमा हॉस्पिटल के पास स्थित गुर्जर ब्राह्मण समाज का ट्रस्टी गौतम आश्रम धार्मिक, सामाजिक एवं मांगलिक कार्य के लिए ब्राह्मण समाज सहित सनातन समाज के प्रत्यक वर्ग के लिए सहज रूप से उपलब्ध रहा है। इसका आधुनिक नवीनतम स्वरूप वर्ष भर के सभी मौसम के अनुकूल तैयार हो चुका है। आम जन हितार्थ गौतम आश्रम की उपलब्धता तो देखते हुए । स्थानीय पार्षद दीपेश कानूनगो द्वारा नगर निगम परिषद की बैठक में महर्षि गौतम द्वार के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया जिसे महापौर, सभापति, निगम आयुक्त, समस्त पार्षद जन एवं परिषद कार्यकारणी द्वारा उक्त प्रस्ताव पारित करते हुए महर्षि गौतम द्वार निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, आयुक्त दलीप कुमार , वार्ड पार्षद दीपेश कानूनगो सहित समस्त पार्षदगण एवं परिषद के प्रति अ.भा. गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष एम एम मोदी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री नवीन दुबे, महर्षि गौतम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एम एम दुबे, नगर सभा अध्यक्ष संतोष दुबे, ट्रस्ट सचिव डॉ संजय तिवारी, नगरसभा सचिव अमित पंडित, महिला सभा अध्यक्ष अनुपमा पाठक, महिला जिला अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष मधु शर्मा, युवक संघ अध्यक्ष प्रखर शर्मा, डॉ आर के शर्मा, रवि व्यास, गिरधर शर्मा, आदित्य व्यास, संतोष त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी चेतन उपाध्याय, बसंत व्यास, राजकुमार जोशी, संतोष जोशी, राजेश तिवारी, संजय त्रिवेदी, दीपक तिवारी, गोपाल शर्मा, सुधीर शर्मा, हिमांशु शर्मा एवं समस्त गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर परिषद के इस निर्णय को ब्राह्मण समाज सहित समस्त सनातन समाज के हितार्थ बड़ी उपलब्धि बताया।

### शहर के व्यापारियों के निगम संबंधी लायसेंसो का सर्वे प्रारंभ

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम द्वारा शहर में संचालित ऐसे व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सर्वे किया जा रहा है जो बिना अनुज्ञा (लाइसेंस) प्राप्त किए अपना व्यापार संचालित कर रहे हैं। नियमों के अनुसार, निगम सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का व्यापार प्रारंभ करने से पूर्व निगम से अनुज्ञा प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। इस नियम का पालन सुनिश्चित कराने हेतु निगम की विशेष टीम द्वारा अनुज्ञा अधिकारी हरेंद्रसिंह ठाकुर के द्वारा टीम के साथ सर्वे कार्य किया जा रहा है। टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जाकर प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है एवं यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान निगम से विधिवत अनुज्ञा प्राप्त कर ही अपना व्यवसाय संचालित करें। बिना अनुज्ञा प्राप्त किए व्यापार करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध ट्रेड लाइसेंस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। आयुक्त ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे शीघ्र आवश्यक दस्तावेजों सहित निगम कार्यालय में आकर अपना ट्रेड लाइसेंस नवीनीकरण अथवा नया अनुज्ञा पत्र प्राप्त करें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके।

# अस्पताल में लापरवाही से युवक की मौत, हंगामा





**परिजनों का विरोध, डॉक्टर पर गंभीर आरोप**

**देवास।** जिला अस्पताल में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि युवक को मुंह से खून की उल्टियां हो रही थीं, जिस पर परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने समय पर इलाज नहीं किया, यहां तक कि मृतक की बेटी ने डॉक्टरों से अपने पिता को देखने की गुहार लगाई लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया। परिजनों का कहना है कि अगर समय पर इलाज मिल जाता तो युवक की जान बचाई जा सकती थी। युवक की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और जिम्मेदार डॉक्टरों को निलंबित करने की मांग पर अड़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को किसी तरह संभाला। इस पूरे मामले ने एक बार फिर जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली और डॉक्टरों की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भोपाल जा रही कार रेलिंग से टकराई

**दो युवक गंभीर घायल**



**देवास।** बीएनपी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जैतपुरा में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार भोपाल की ओर जा रही स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जियो पेट्रोल पंप के सामने अवैध रूप से लगाई गई रेलिंग से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार चार युवकों में से दो गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से एक युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे इंदौर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि घायलों में एक युवक रिटायर्ड टीआई बी.एल. चौधरी का पुत्र है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जियो पेट्रोल पंप के सामने अवैध रूप से लगाई गई रेलिंग हादसे का मुख्य कारण है। इसी रेलिंग से आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस अवैध रेलिंग को हटाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा न हों।

# खंडवा में देवास के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**सात खिलाड़ियों ने जीते पुरस्कार, जिला शतरंज संघ ने किया सम्मान**

**देवास।** खंडवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में देवास के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में देवास के सात खिलाड़ियों ने पुरस्कार जीते। यह प्रतियोगिता जिला शतरंज संघ खंडवा एवं कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसमें देश-विदेश के 645 खिलाड़ियों ने भाग लिया। देवास से 14 खिलाड़ी शामिल हुए थे। पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों में अर्णव तिवारी (अनरेटेड वर्ग द्वितीय स्थान), रिद्धेश अयाचित (अंडर 9 वर्ग द्वितीय स्थान), राजेन्द्र शर्मा (वेटरन वर्ग द्वितीय स्थान), आदित्य आचार्य (23वीं रैंक), पीयूष श्रीवास्तव (24वीं रैंक), मुकेश धुरिया (25वीं रैंक) और अनुष्का वर्मा (महिला वर्ग चौथा स्थान) शामिल हैं। सभी विजेताओं को देवास जिला शतरंज संघ द्वारा शतरंज अकादमी, देवास में सम्मानित किया गया। शतरंज संघ के मार्गदर्शक अनिल श्रीवास्तव, अध्यक्ष सुधीर पंडित, उपाध्यक्ष चेतन राठौड़, राजीव श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष क्षितेंद्र सिंह, सह सचिव पावन पाटिल, शैलेंद्र चंद्रवंशी, कुणाल अयाचित, कोच मुकेश धुरिया और सीनियर खिलाड़ी ऑसिफ भाई और असलम भाई, सरफराज सिद्दीकी, मनोज कुशवाहा और मनोज सिंह मौजूद रहे। खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रोज़गार की तलाश में बागली से बड़े पैमाने पर पलायन





**तीन दिन में छह बसें रवाना, हज़ार से अधिक महिला, पुरुष और बच्चे पहुंचे पुणे**

**देवास।** जिले की बागली विधानसभा क्षेत्र से इस वर्ष भी रोज़गार की तलाश में बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया है। बीते तीन दिनों में छह से अधिक बसें महाराष्ट्र के पुणे शहर के लिए रवाना हुई, जिनमें करीब एक हजार से ज़्यादा महिला, पुरुष और बच्चे सवार थे। ये सभी परिवार वहां ईंट भट्टों पर काम करने जा रहे हैं और लगभग छह माह बाद लौटने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, ठेकेदारों द्वारा ग्रामीणों से पहले ही अनुबंध के तहत अग्रिम राशि (एडवांस) दी जाती है। कार्यस्थल पर रहने और खाने की व्यवस्था भी ठेकेदारों की ओर से की जाती है। बागली विकासखंड की 118 पंचायतों में लगभग 60 से अधिक आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतें हैं, जहां खेती के अलावा कोई स्थायी रोजगार का साधन नहीं है। बारिश पर निर्भर खेती, सीमित भूमि और मनरेगा में देरी से भुगतान ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा में मजदूरी कम मिलने और समय पर भुगतान न होने से वे मजबूर होकर दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं। गांवों में रोजगार न होने के कारण महिलाएं और बच्चे भी मजदूरी के लिए साथ जा रहे हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार की गरीबी उन्मूलन, मनरेगा, मुफ्त अनाज और शिक्षा योजनाओं पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इन योजनाओं का जमीनी असर नगण्य है। हालात यह हैं कि प्रशासन के पास पलायन करने वाले परिवारों की कोई आधिकारिक जानकारी या आंकड़ा तक नहीं है। बागली क्षेत्र में बढ़ता पलायन विकास की दिशा पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीण अब भी बुनियादी सुविधाओं और स्थायी रोजगार से वंचित हैं।

# लोहारदा में फिर उठे विकास के मुद्दे, नागरिकों ने जताई नाराज़गी

**लोहारदा।** नगर में एक बार फिर विकास कार्यों को लेकर असंतोष के स्वर तेज़ हो रहे हैं। कुछ समय पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संध्या सुनील मालू द्वारा इस्तीफा वापस लेने के बाद नगर में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की गई थी, परंतु स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ज़मीनी स्तर पर अपेक्षित सुधार अब तक दिखाई नहीं दे रहे हैं। वार्ड क्रमांक 5 के नागरिकों ने बताया कि क्षेत्र की सड़कें जर्जर स्थिति में हैं और नालियों के किनारे की रोड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। यह मार्ग स्कूल बसों और अन्य वाहनों के लिए मुख्य रास्ता होने के कारण लोगों ने शीघ्र सुधार की मांग की है। नगर के कुछ नागरिकों का कहना है कि परिषद स्तर पर नियमित उपस्थिति और निगरानी की कमी से व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं, हाल ही में नगर में नए सीएमओ सतीष घावरी के पदभार ग्रहण करने के बाद लोगों को सुधार की उम्मीद थी, लेकिन अभी तक अपेक्षित परिणाम नहीं दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी कई नागरिकों और पार्षद प्रतिनिधियों ने नगर की मौजूदा स्थिति को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। लोगों ने उम्मीद जताई थी कि नगर परिषद जल्द ही आवश्यक कदम उठाकर नगर में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति में सुधार करेगी। लेकिन यह दूर दूर तक दिखाई नही दे रहा है। ओर नगर के लोग एक बार फिर जिम्मेदारो को सवालों के घेरे में खड़ा कर रहे है।



# सेवा का संकल्प लेकर आए थे राजनीति में



**देवास।** भौंरासा के नगर परसाई पं. संजय जोशी नगर के सम्माननीय कर्मकांडी पंडित हैं। नगर के विकास के लिये राजनीति में आए और 2005 में प्रथम बार अपनी पत्नी शुभा संजय जोशी को नगर परिषद का अध्यक्ष बनवाया था। नगर के विकास के लिये सतत प्रयासरत रहकर अनेकों विकास कार्य करवाए। 2005 से लेकर 2010 तक अपनी पत्नी के कार्यकाल के बाद स्वयं 2010 में नगर परिषद के अध्यक्ष बनें और विकास कार्यो के लिये जो संकल्प लिया था उसे पूरा करने के लिये अग्रसर रहे। प्रमुख बात यह है कि नगर के विकास कार्यो और अपने अध्यक्षीय दायित्व के साथ ही अपना कर्म शादी विवाह करवाना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों को पूर्ण करवाना आदि कार्यो को नहीं छोड़ा। मकर संक्रांति के दिन नगर के प्रत्येक घर जाकर भिक्षा ग्रहण करने में भी कोई संकोच नहीं किया। 2010 में इनका कार्यकाल पूरा हो गया उसके बाद नगर में कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष राजेन्द्र यादव बन गये थे। श्री जोशी के मन में नगर की सेवा करने की प्रबल इच्छा थी इसलिए 2022 में नगर परिषद के पुनः अध्यक्ष बने। अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में पूरे नगर में सीसी रोड़, नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं के अलावा विधायक निधि से अस्पताल एवं स्कूल का निर्माण करवाया और विगत दिवस नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने करीब 5 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष पं. संजय जोशी ने नगरीय प्रशासन मंत्री श्री विजयवर्गीय से नगर के चहुंमुखी विकास के लिये विभिन्न योजनाओं के लिये 10 से 15 करोड़ की मांग भी रखी।

# भौरासा थाना प्रभारी कटारे सहित जवानों को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**भौरासा।** भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे, उमेश सिंह भदोरिया, अभिषेक पांडे, जितेन सिंह तोमर, सहित भौरासा थाने के पुलिस जवानों को पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया है दरअसल पिछले दिनों छतरपुर के एक सर्राफा व्यापारी का 1. 25 करोड़ रुपए की धनराशि का बैग चोरी होने की घटना सोनकच्छ थाने में दर्ज हुई थी जिसे मात्र 24 घंटे में ना सिर्फ आरोपियों को चिन्हित किया बल्कि 100 किमी दूर धार जिले के दुर्गम क्षेत्र में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी गई राशि भी बरामद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

पुलिस अधीक्षक गहलोत ने प्रशसा पत्र प्रदान करते हुए भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे व भौरासा थाना पुलिस जवानो की अथक मेहनत ओर कार्य प्रणाली पर प्रशंसा व्यक्त की।

# सफाई कार्य में लापरवाही , दिए कड़े निर्देश

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा सफाई कार्य व्यवस्थाओं की प्रात निरीक्षण की कड़ी में सतत रूप से विभिन्न वार्डों क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। उनके द्वारा 29 अक्टूबर को शहरी क्षेत्र वार्डो मे वार्ड क्रमांक 35, 36, 41, 42, 43 एवं वार्ड 19 का सघन रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्ड 35 मे रेवा बाग कालोनी, वारसी नगर मे स्लाटर हाउस क्षेत्र के निरीक्षण मे वार्ड मे जगह जगह पर सफाई के अभाव मे कचरा पडा पाया गया।

इस वार्ड के दरोगा मदन पवार को मौके पर मार्गो, गलियारों की सफाई करवाने के साथ ही सफाई पश्चात निकलने वाले कचरे को उठाने के निर्देश मौके पर जारी किये गये।

इसी प्रकार वार्ड 36 पठान कुआं क्षेत्र मे सफाई पश्चात कचरा नहीं उठाने से कचरे के ढेर होने तथा वार्ड दरोगा द्वारा अपने अधीनस्थ सफाई मित्रों की आधार बैस अटेंडेंस नहीं लगाई जाने पर दरोगा मांगीलाल पथरोड को नोटिस देने के निर्देश दिये गये। वार्ड 41 मुक्ति मार्ग, टोडी व खडा बाजार मे सीनियर राजबाडा क्षेत्र मे नियमित सफाई कार्य नहीं होने, जगह जगह पर कचरा पड़ा होने पर इस वार्ड के दरोगा को प्रतिदिन सफाई करवाने के निर्देश दिये गये। वार्ड 42 मे शीलनाथ धुनी संस्थान मल्हार मार्ग पर सफाई उपरांत कचरा नहीं उठाने पर एवं ई अटेंडेंस लगाने के पश्चात सफाई कर्मी मौके पर कार्य पर नहीं पाये गये। वार्ड दरोगा को भी कार्य मे लापरवाही पर नोटिस देने के निर्देश निगम प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को दिये गये।

निरीक्षण मे वार्ड 43 मे सुनिल मांगीलाल सफाई कर्मी के अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार आयुक्त के द्वारा गुरुवार 30 को प्रात कालीन निरीक्षण मे कालोनी क्षेत्रों के वार्ड क्रमांक 20, 21, 24 मे सनसीटी, विकास नगर की सफाई व्यवस्था देखी यहां पर लोग सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फैंक रहे हैं ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही किये जाने के निर्देश निगम एसआई को दिये गये। वार्ड 21 अनिल श्रीनगर, गंगा नगर, बजरंग नगर मे सफाई मित्रों की मौके पर उपस्थिति की जांच की गई। जो कर्मचारी कार्य पर नहीं आ रहें हैं तथा उपस्थिती लगाने के उपरांत भी कार्य नहीं कर रहे हैं उनके वृद्धि भी कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये गये तथा दरोगा एवं स्वच्छता निरीक्षक से मौके पर घरों घर कचरा संग्रहण गाड़ी के वार्ड मे प्रतिदिन की जानकारी ली गई।

स्वच्छता निरीक्षक एवं प्रभारी दरोगाओं को कार्य पर लापरवाही करने के कारण चेतावनी पत्र एवं कारण बताओ सूचना पत्र दिये गये। वार्ड 21,24 मे 30 अक्टूबर को निरीक्षण के दौरान कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने के कारण प्र. स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

**एक नजर** — धारा 49 ( 6 ) को हटाये जाने के लिए न्यायालय में जाने का हुआ प्रस्ताव पारित किया

# पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ का दीपावली मिलन



**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास की जिला कार्यकारिणी की बैठक मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में आयोजित की गई संघ के संरक्षक एम एल मालवीय देवड़ा के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष पंडित देवीशंकर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव अरविन्द शर्मा ने किया।

सर्व प्रथम सभी को दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मोहरी, कोषाध्यक्ष अशोक चौहान, तहसील अध्यक्ष अनिल नागर, प्रमोद भावसार, श्यामा तोमर, राधेश्याम सोलंकी के साथ ही जिला कार्यकारिणी के एम एल सोलंकी, राधेश्याम शर्मा, शंकरलाल शर्मा, रामलाल लुवानीया, छोटेलाल माली, अरुण शैव्य, कांतिलाल पटेल, प्रकाश चोधरी, गोपाल सिंह राठोर, रामप्रसाद खराडिया, नाथूलाल राठोर, बी के मोदी, कालूराम नवगोत्री, गोवर्धन सिंह जलखेडिया आदि सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि धारा 49-6 को हटाये जाने के लिए शासन को बहुत बार ज्ञापन दिया गया कोई भी निराकरण नहीं होने के कारण न्यायालय में जाने के लिए वरिष्ठ अभिभाषक से चर्चा कर अगली कार्रवाई करने के लिए संघ के वरिष्ठ सदस्य एम एल मालवीय देवड़ा, देवीशंकर तिवारी, अरविन्द शर्मा को अगली गतिविधियों के लिए प्रभारी बनाया गया।

तहसील स्तर के वार्षिक अधिवेशन तहसील कार्यकारणी 25 दिसम्बर 2025 के पूर्व आयोजित करें यह तय किया गया साथ ही संगठन के बायलाज में संशोधन एवं नये नियम जोड़ने के लिए फर्म एवं सोसायटी उज्जैन से सम्पर्क करने के लिए कोषाध्यक्ष अशोक चौहान को दायित्व दिया गया। अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।